# देवभूमि की मिट्टी और पानी देव प्रसाद के समान: मुख्यमंत्री धामी

## - उत्तराखंड को डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करेगी सरकार, मांगी सुझाव

**वर्चुअल संवाद**

**8 - डेस्टिनेशन वेडिंग विषय पर प्रमुख वेडिंग प्लानर्स के साथ वर्चुअल संवाद**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि की मिट्टी और पानी देव प्रसाद के समान हैं।
बुधवार को देहरादून में डेस्टिनेशन वेडिंग विषय पर प्रमुख वेडिंग प्लानर्स के साथ उन्होंने वर्चुअल संवाद किया। डेस्टिनेशन वेडिंग विषय पर आयोजित इस वर्चुअली संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड को डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए जो सुझाव मिलेंगे, उस पर अवश्य काम करेंगे। दिसंबर 2023 में आयोजित इंवेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने पर चर्चा की थी।

### देश के 40 स्थानों से देवभूमि के लिए हवाई सेवा

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में देहरादून, मसूरी के साथ रामनगर, ऋषिकेश, चकराता जैसे कई ऐसे स्थान हैं, जहां डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा दिया जा सकता है। सरकार इस पर काम भी कर रही है। प्रदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए हवाई, रेल सुविधा को विकसित किया जा रहा है।
आज देश के 40 स्थानों से सीधे प्रदेश के लिए हवाई सेवा चल रही हैं।

### उत्तराखंड में प्री वेडिंग शूट के लिए भी कई रमणीय स्थान

दिल्ली-एनसीआर से दूरी एलिवेटेड रोड बनने के बाद महज ढाई घंटे की रह जाएगी। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने आदि कैलाश की यात्रा की थी। प्रदेश में प्री वेडिंग शूट के लिए भी कई रमणीय स्थान हैं। उत्तराखंड में हर जगह एक नया डेस्टिनेशन है।
ऐसे में सुझाव महत्वपूर्ण हैं, जिन पर सरकार जोर-शोर से काम करेगी।

# मुख्यमंत्री के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**चुनावी रणनीति**

**8 लोकसभा चुनाव को धार देने में जुटे धामी, कमल खिलाने के लिए देवभूमि पर हो रही फूलों की बरसात**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार लोकसभा के लिए चुनाव की रणनीति को धार में जुटे हैं। इसी के तहत मुख्यमंत्री ने चमोली में बुधवार को बस स्टेशन गोपेश्वर से पुलिस मैदान तक काफिले के साथ रोड शो किया। सड़क के दोनों तरफ खड़े लोगों ने फूल बरसाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। रोड शो महिला-पुरूष और युवाओं का हुजूम दिखा। सभी भगवामय नजर आए।
चमोली में मुख्यमंत्री ने बस स्टेशन गोपेश्वर से पुलिस मैदान तक काफिले के साथ रोड शो किया। सड़क के दोनों तरफ खड़े लोगों ने फूल बरसाकर मुख्यमंत्री धामी का स्वागत किया। वहीं मुख्यमंत्री ने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले देवभूमि उत्तराखंड में फूलों की बरसात हो रही है ताकि चुनाव बाद कमल का फूल फिर से खिले। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को उत्कृष्ट कार्य पर सम्मानित किया जा रहा है तो वहीं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया जा रहा है। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव में एक बार फिर कमल खिलाना है।
रोड शो में उमड़े जनसैलाब से गदगद दिखे मुख्यमंत्री
मुख्यमंत्री के रोड शो के दौरान भाजपा के रंग में रंगा जनसैलाब भाजपा के झंडे लहरा कर जय श्रीराम का जयघोष गूंज रहा था। भाजपा कार्यकर्ता मोदी-धामी जिंदाबाद के नारे भी लगा रहे थे। रोड शो में उमड़े सैलाब देखकर मुख्यमंत्री गदगद दिखे। रोड शो में धार्मिक नारे भी गूंजे। मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं की भीड़ और उनका उत्साह को देखते हुए कहा कि सुशासन, सुरक्षा व विकास के साथ हिंदुत्व एजेंडे के सहारे एक बार फिर लोकसभा चुनाव में भाजपा का कमल खिलेगा।

## न्यूज फ्लैश

### पत्नी के बिछोह में दुकानदार ने की आत्महत्या

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा नगर में एक दुकानदार ने पत्नी के बिछोह में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।
ऋषिकेश कोतवाली के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक उत्तम रमोला ने बताया कि इंदिरा नगर से सूचना प्राप्त हुई थी, कि एक व्यक्ति ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मौके पर पहुंच की शव को पंखे से उतारा और जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक का नाम विक्की (42 वर्ष) पुत्र मोहनलाल है। जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी कुछ दिन पहले पारिवारिक झगड़े के कारण अपने घर चली गई थी, जो कि काफी मनाने के बाद भी घर वापस नहीं आई है। इस उसने पंखे से लटक कर आत्महत्या की है। मृतक हाट में दुकान लगाता था और मंगलवार को भी वह हाट लगाकर घर लौटा था।

### उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की अधिसूचना जारी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता कानून लागू हो गया है। राज्य सरकार ने 12 मार्च को अधिसूचना के असाधारण सरकारी गजट के रूप में प्रकाशित कर दिया है।
उत्तराखंड शासन के विधायी एवं संसदीय कार्य की इस अधिसूचना में कहा गया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 201 के अधीन राष्ट्रपति ने उत्तराखंड विधानसभा में पारित समान नागरिक संहिता उत्तराखंड 2024 विधेयक पर 11 मार्च को अपनी स्वीकृति दे दी है। इस स्वीकृति के बाद उत्तराखंड का अधिनियम संख्या 3 वर्ष वर्ष 2024 के रूप में सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि हम सभी प्रदेशवासियों के लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव का क्षण है कि हमारी सरकार ने उत्तराखण्ड विधानसभा में पारित समान नागरिक संहिता विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपनी मंजूरी दे दी है।
प्रदेश में समान नागरिक संहिता कानून लागू होने से सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलने के साथ ही महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न पर भी लगाम लगेगी। प्रदेश में सामाजिक समानता की सार्थकता को सिद्ध करते हुए समरसता को बढ़ावा देने में यूनिफार्म सिविल कोड अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के सचिव से की मुलाकात

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी दो महत्वपूर्ण मांगों को लेकर सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगौली से भेंट की और उनसे कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग की।
यह जानकारी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तराखंड के प्रदेश प्रवक्ता आरपी जोशी ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अरुण पांडे ने दो महत्वपूर्ण मांगों को लेकर सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगौली से भेंट की। जोशी ने बताया कि परिषद ने प्रदेश के कर्मचारियों को भी केंद्र सरकार के कार्मिकों की भांति चुनाव आचार संहिता लगने से पूर्व चार फीसदी महंगाई भत्ते की बढ़ोतरी का लाभ देने की मांग की है।
राज्य के कर्मचारी भी होली और चुनाव आचार संहिता लगने से पूर्व इसे लेकर आशान्वित हैं। जोशी ने बताया कि इस मांग पर सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगौली ने वित्त विभाग के माध्यम से यथाशीघ्र कार्यवाही के लिए परिषद को आश्वस्त किया है। विदित है कि केंद्र सरकार द्वारा विगत दिनों ही केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 46 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया गया है।
जोशी ने बताया कि परिषद की दूसरी मांग पंचायती राज कर्मचारियों के हड़ताल अवधि के वेतन देने की है। इस संबंध में कुछ समय पूर्व हुई कैबिनेट बैठक में पंचायती राज कर्मचारियों के हड़ताल अवधि का वेतन आहरित करने का प्रस्ताव पास हुआ था, लेकिन इसका शासनादेश अभी जारी नहीं हुआ है।

# कानपुर में होने वाले एनएसएस शिविर के लिए छात्रा रविना चयनित



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज हेवरा, इटावा में आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में पंडित ललित मोहन शर्मा श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय परिसर ऋषिकेश की छात्रा कुमारी रवीना उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी।
वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार मेंदोला ने बताया कि विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी इसमें प्रतिभाग करेंगे। डॉ मेंदोला ने बताया कि इस राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का मुख्य उद्देश्य सामाजिक- सांस्कृतिक और आर्थिक मतभेदों या असमानताओं को कम करना और आपसी एकजुटता को मजबूत करना। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो केएन जोशी एवं परिसर के निदेशक प्रो महावीर सिंह रावत ने छात्र के चयन पर हर्ष व्यक्त किया और विश्वविद्यालय के लिए और उपलब्धि बताया।

# टिकट न मिलने पर आशा लाल ने की संन्यास की घोषणा



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस महिला नेत्री आशा लाल ने अल्मोड़ा (एससी) लोकसभा सीट से टिकट नहीं मिलने पर राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने पार्टी में विशेष तौर पर अनुसूचित जाति की महिलाओं की उपेक्षा करने का आरोप लगाया।
बुधवार दोपहर को प्रेस क्लब में कांग्रेस अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र से टिकट मांग रहीं आशा लाल ने पत्रकारों की मौजूदगी में राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नारी न्याय और भागीदारी को लेकर यात्रा कर रहे हैं, फिर भी पार्टी महिलाओं को भागीदारी नहीं दे पा रही है। इसमें कहीं ना कहीं प्रदेश नेतृत्व की ओर से महिलाओं का नाम आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं एक शिक्षित महिला हूं। मेरे पिता स्व. जोगा राम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का यह क्षेत्र रहा है। पिछले 15 सालों से क्षेत्र का सेवा करती आ रही हूं। उन्होंने कहा कि मैं अनुसूचित जाति से महिला हूं,फिर भी मुझे टिकट नहीं दिया गया। इसलिए क्षुब्ध होकर अब मैं राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है।
उन्होंने कहा कि पार्टी महिला सशक्तिकरण की बात कर रही हूं, बावजूद भागीदारी नहीं देना दुखद है। उन्होंने कहा कि जिन उम्मीदवार को चार बार टिकट दिया गया और दो बार लगातार वो चुनाव हारे हुए हैं। फिर भी उनको किस आधार पर टिकट दिया गया। पार्टी की ओर से किये गये सर्वे का कोई फायदा होता नहीं दिख रहा है। विशेष तौर पर अनुसूचित जाति के महिलाओं को पार्टी पीछे छोड़ती जा रही है। ऐसे में महिला सशक्तिकरण की बात बेमानी है।

# सीडीओ ने परखी योजनाओं की प्रगति



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन सभागार में जिला योजना, राज्य सेक्टर, केंद्र पोषित एवं बाह्य सहायतित योजनाओं की वित्तीय प्रगति की समीक्षा बैठक हुई।
जिला योजना में प्रगति 97, राज्य योजना में 81.76 व केंद्र पोषित योजना में 93..02 तो वाह्य सहायतित योजना में 58.22 प्रतिशत प्रगति मिली।
मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन विभागों की योजनाओं में व्यय प्रगति कम है ऐसे सभी विभाग 15 मार्च तक व्यय प्रगति को शत-प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। जिला योजना में शत-प्रतिशत व्यय न करने वाले विभागों के अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। साथ ही राज्य सेक्टर एवं केंद्र पोषित योजनाओं में डी श्रेणी वाले विभागों पर प्रतिकूल प्रविष्टि के लिए शासन को पत्राचार किया जाएगा। वन विभाग एवं पीएमजीएसवाई न्यून प्रगति पर नोटिस प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही राज्य सेक्टर योजना में 100 प्रतिशत से कम वाले सभी विभागों को नोटिस प्रेषित करने के निर्देश दिए।

### सड़क दुर्घटना में सिपाही की मौत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
अज्ञात वाहन की टक्कर से मंगलवार की देर रात एक सिपाही की मौत हो गई। मृतक सिपाही पुलिस लाइन में तैनात था। सिपाही की मौत के बाद पुलिस महकमे में शोक है।
जानकारी के मुताबिक रोशनाबाद पुलिस लाइन में तैनात वीरेन्द्र चौहान पुत्र जगत सिंह निवासी ग्राम उटेल, कालसी देहरादून मंगलवार की देर रात किसी काम से जा रहा था। इस दौरान सिडकुल थाना क्षेत्र के नवोदयनगर में किसी अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार सिपाही को टक्कर मार दी। जिससे सिपाही के सिर पर गहरी चोट लगी।

# कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत के विदेश दौरे पर सवाल

**आरोप**

**8 राज्य में शिक्षा व्यवस्था बदहाल है। ऐसे में विदेश यात्रा करना महज आर्थिक बोझ को बढ़ाना है**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य के शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत के चार दिवसीय विदेश दौरे को लेकर कांग्रेस ने सवाल उठाएं हैं। कांग्रेस का आरोप है कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था बदहाल है। ऐसे में विदेश यात्रा करना महज आर्थिक बोझ को बढ़ाना है।
दरअसल, शिक्षा मंत्री डॉ रावत राज्य की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 11 मार्च से शिक्षा अधिकारियों के साथ यूरोपीय देशों की यात्रा पर हैं। इस दौरान वो फिनलैंड और स्विटजरलैंड की शिक्षा व्यवस्था का अध्ययन करने के साथ वहां की शिक्षा प्रणाली को भी समझेंगे।
प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि उत्तराखंड में शिक्षा की हालत वर्तमान में बहुत ही खराब है। फिर भी शिक्षा मंत्री सिर्फ विदेशी शिक्षा प्रणाली को लागू करने की बात कह रहे हैं। एक तरफ मैदानी क्षेत्रों में जो स्कूल हैं, वह भी जर्जर है। उन्होंने आरोप है कि स्कूलों में फर्नीचर, शौचालय सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं।

# पहाड़ों पर गरज के साथ बारिश व बर्फबारी की चेतावनी




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
शुष्क मौसम और चटख धूप खिलने से मैदानी क्षेत्रों में कहीं-कहीं पारा 28 डिग्री सेल्सियस के पास पहुंच गया है। इसी बीच पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम करवट बदल रहा है। 14 मार्च तक यह सिलसिला जारी रहेगा। इसके बाद 15 से 17 मार्च तक मौसम साफ रहने का अनुमान है। हालांकि पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम का उतार-चढ़ाव जारी रहेगा।
मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण मौसम का मिजाज बुधवार और गुरुवार को बदल सकता है। उत्तरकाशी, चमोली, रूद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल, उधमसिंह नगर, हरिद्वार में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने व ओलावृष्टि की संभावना है। 14 मार्च तक 3200 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। बुधवार को देहरादून में अधिकतम तापमान 25 तो न्यूनतम तापमान 13 सेल्सियस दर्ज किया गया।

**जान-माल की हानि की चेतावनी, सावधानी बरतने की सलाह**
मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने 14 मार्च तक गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने व ओलावृष्टि के दृष्टिगत सावधानी व सतर्कता बरतने की सलाह दी है। चेतावनी दी है कि आकाशीय बिजली गिरने से जान-माल की हानि हो सकती है।
ओलावृष्टि से बचाव के लिए खुले स्थानों पर न जाने की रहने की सलाह दी। पशुओं को भी खुले स्थानों पर न रहने को कहा है।

**Name change**

I, Garima Shukla W/o Manoj Kumar Sharma residing at Oyster Cottage, Near Bullakh Resort, Near Mussoorie Road, Kyarkulli Road, Mussoorie, Dehradun, Uttarakhand-248179, have changed the name of my minor daughter Ivanshika Sharma aged 10 years and she shall hereafter be known as Vaibhavi G Sharma.

# बागवानों व किसानों को अब बीज, पौध व खाद समय पर मिलेंगे: जोशी

**अनावरण**

**8 उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री का आभार व्यक्त किया।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में उद्यान विभाग की ओर से विभिन्न औद्यानिक निवेशों की गुणवत्तायुक्त आपूर्ति के लिए तैयार कैलेंडर का अनावरण किया। मंत्री ने बागवानों व किसानों को अब बीज, पौध, खाद सहित आवश्यक सामग्री समय पर मिलने का भरोसा दिया।
मंत्री गणेश जोशी ने विगत माह हुई कृषि एवं उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को वार्षिक कार्य कैलेंडर को जारी करने के निर्देश दिए थे। उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने कैलेंडर का अनावरण किया। इस मौके पर मंत्री जोशी ने कहा कि बीज किसानों की आत्मा होती है, किसानों को पौध, बीज, प्रेस्टीसाइज इत्यादि समय पर उपलब्ध हों, इसके लिए यह वार्षिक कैलेंडर जारी किया गया है। निश्चिततौर पर इससे किसानों को बीज, पौध, खाद, दवाइयां इत्यादि समय पर उपलब्ध होंगे। मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश के ब्लॉक स्तर तक कैलेंडर को होल्डिंग के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाए। मंत्री ने अधिकारियों को कैलेंडर के अनुरूप कार्य करने के भी अधिकारियों को निर्देशित किया।
उद्यान मंत्री ने कहा कि इस वार्षिक कार्य समयसारिणी (वार्षिक कार्य कैलेंडर) के अनावरण उपरांत क्रियान्वयन से कृषकों को समयान्तर्गत उच्च गुणवत्तायुक्त निवेशों की आपूर्ति की जा सकेगी। जिससे प्रदेश में औद्यानिकी के विकास के साथ-साथ कृषकों की आय में गुणात्मक वृद्धि में भी सहयोग प्राप्त होगा।
उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल निर्देश नेतृत्व में भारतवर्ष के साथ-साथ उत्तराखण्ड राज्य में भी औद्यानिकी को बढ़ावा देते हुए कृषकों की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।
मंत्री ने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री धामी के मार्ग निर्देशन में उत्तराखण्ड राज्य में औद्यानिक का समग्र विकास करते हुए कास्तकारों की आय में गुणात्मक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत देय राजसहायता की धनराशि में भी वृद्धि की जा रही है।
**कैलेंडर से मिलेगी जानकारी:-**
उद्यान विभाग की ओर से संचालित विभिन्न केन्द्रपोषित, राज्य सेक्टर एवं जिला सेक्टर की योजनाओं के अन्तर्गत औद्यानिक फसलों के विकास के लिए व्यापक प्रयास किये जा रहे हैं।

### भाजपा नेता की सड़क दुर्घटना में मौत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा अनुसूचित मोर्चे के जिलाध्यक्ष संजय सिंह का बुधवार सुबह एक सड़क दुघर्टना में निधन हो गया। वे करीब पचास वर्ष के थे। संजय की मौत की खबर से भाजपा कार्यकताओं में शोक की लहर है।बताया गया कि भाजपा नेता संजय सिंह सुबह परिवार के साथ सहारनपुर में एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। पथरी के निकट एक डंपर से उनकी कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में संजय सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदाकर्ता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| Tender No. Date | 303-DRM-MB-23-24 dt. 12.03.2024 | | |
| Name of work | CTR(S) work of 5.398 Km in the jurisdiction of Sr.DEN/HQ/MB. Estimate No. 189/2023 | | |
| Tender Closing Date Time : 05.04.2024 | | Advertised Value (Rs.) : 99,96,196.28 | |
| Earnest Money (Rs.) : 1,99,900.00 | | Tender Cost (Rs.) : 00.00 | |
| Bidding Start Date : 19.03.2024 | | Period of Completion : 08 Months | |
| Tender No. Date | 304-DRM-MB-23-24 dt. 12.03.2024 | | |
| Name of work | Replacement of Old dilapidated 04 Nos Type-V Blocks (Vasundhara-II) for Divisional Officer's at Moradabad. Estimate no. 12/2024 | | |
| Tender Closing Date Time : 05.04.2024 | | Advertised Value (Rs.) : 1,81,32,466.89 | |
| Earnest Money (Rs.) : 2,40,700.00 | | Tender Cost (Rs.) : 00.00 | |
| Bidding Start Date : 19.03.2024 | | Period of Completion : 12 Months | |

पत्रांक – 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक– 12.03.2024 792/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कुलदीप यादव ने मुझसे कहा था- मैं ही तुम्हारा 700वां टेस्ट विकेट बनूंगा... जेम्स एंडरसन ने सुनाया मजेदार किस्सा

नई दिल्ली.पांच मैचों की टेस्ट सीरीज पर भारत ने 4-1 से कब्जा किया। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने इस दौरे पर 700 टेस्ट विकेट का जादुई आंकड़ा छुआ। एंडरसन दुनिया के पहले तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने 700 टेस्ट विकेट का आंकड़ा छुआ। उनसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले महज दो गेंदबाज हैं, श्रीलंका के पूर्व स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर शेन वॉर्न। मुरलीधरन के खाते में 800 टेस्ट विकेट हैं, वहीं वॉर्न के खाते में 708 टेस्ट विकेट हैं। जेम्स एंडरसन इंग्लैंड की ओर से सिर्फ टेस्ट क्रिकेट खेलते हैं, उन्होंने अपना आखिरी वनडे मैच 2015 में खेला था, जबकि आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच 2009 में खेला था। एंडरसन किसी टी20 लीग में भी हिस्सा नहीं लेते हैं और उनकी प्राथमिकता बस टेस्ट क्रिकेट ही है। 41 साल के जेम्स एंडरसन की फिटनेस ऐसी है, जिससे हर युवा तेज गेंदबाज को प्रेरणा लेनी चाहिए।

बीबीसी के टेलेंडर्स पॉडकास्ट पर एंडरसन ने कहा, कुलदीप यादव ने थर्ड मैन पर एक रन के लिए बल्ले के किनारा लगाया था। जैसे ही वो नॉन स्ट्राइकर एंड पर आया, और मैं रनअप के लिए अपने मार्क पर वापस लौट रहा था, उसने मुझसे कहा कि मैं ही तुम्हारा 700वां विकेट बनूंगा। ऐसा नहीं था कि वह मुझसे कह रहा था कि वो आउट होने की कोशिश करेगा, उसने बस ऐसा कहा कि उसे ऐसा लग रहा था और हम दोनों ही इस बात पर फिर हंसे थेकुलदीप यादव ने जैसा कहा था, वैसा ही हुआ। आखिरी टेस्ट मैच टीम इंडिया ने एक पारी और 64 रनों से जीता था। इंग्लैंड ने पहली पारी में 218 रन बनाए थे, जवाब में भारतीय टीम 477 रनों पर ऑलआउट हुई थी। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने 69 गेंदों पर 30 रनों की पारी खेली। उन्होंने जेम्स एंडरसन की गेंद पर बेन फोक्स को कैच थमाया था और इस तरह से अपना 700वां टेस्ट विकेट पूरा किया था।

## मुंबई इंडियंस का स्पिन अटैक है कमजोर, इस समस्या से कैसे निपटेंगे कप्तान हार्दिक पांड्या?

नई दिल्ली.एजेंसी

आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस नए कप्तान की कप्तानी में उतरेगी। हार्दिक पांड्या टीम को लीड करने वाले हैं। वहीं, रोहित शर्मा बतौर बल्लेबाज खेलेंगे। ये टीम पांच बार की चैंपियन है, लेकिन क्या इस टीम के पास छठी बार चैंपियन बनने के लिए दमदार स्पिन अटैक है? ये अपने आप में सवाल है। आईपीएल 2024 के ऑक्शन में और कुछ खिलाड़ियों को रिटेन करने के बावजूद कोई भी स्पिनर मुंबई के पास ऐसा नहीं है, जो लगता हो कि वह लगातार प्लेइंग इलेवन में रह सकता है। मुंबई इंडियंस के पास कुल पांच स्पिनर हैं, लेकिन किसी के पास अनुभव है तो फॉर्म नहीं है और फॉर्म है तो अनुभव नहीं है। उनके बारे में यहां जान लीजिए।

**1. पीयूष चावला**

आईपीएल के सबसे अनुभवी स्पिनर्स में पीयूष चावला शामिल जरूर हैं और उनका आईपीएल 2023 भी अच्छा गुजरा था। उन्होंने 22 विकेट निकाले थे, जो करियर में सबसे ज्यादा थे। हालांकि, उनका इस्तेमाल कप्तान रोहित शर्मा ने इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में किया था। वे किसी भी फेज में गेंदबाजी कर सकते हैं, लेकिन उनके साथ समस्या ये है कि वे प्रोफेशनल क्रिकेट बहुत कम खेल रहे हैं। वे पिछले 10 घरेलू मैचों में 10 ही विकेट निकाल सके हैं। उनकी उम्र भी 36 साल हो गई है।

**2. मोहम्मद नबी**

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 ऑक्शन में मोहम्मद नबी को खरीदा था। वे ऑलराउंडर हैं, लेकिन ऑफ स्पिन गेंदबाजी के लिए भी फेमस हैं। हालांकि, आईपीएल का उनको ज्यादा अनुभव नहीं है। कई टीमों के साथ वे जुड़े रहे हैं, लेकिन ज्यादा मौके उनको नहीं मिले। मुंबई इंडियंस में भी उनके साथ यही हो सकता है, क्योंकि चार ओवरसीज प्लेयर खिलाने की वजह उनको यहां भी बेंच पर बैठना पड़ सकता है। देखना ये होगा कि कप्तान हार्दिक पांड्या उनका कैसे इस्तेमाल करेंगे।

**3. कुमार कार्तिकेय**

आईपीएल में मुंबई के लिए 9 मैच खेल चुके कुमार कार्तिकेय लेफ्ट आर्म स्पिनर है। उन्होंने 10 विकेट आईपीएल में निकाले हैं, लेकिन उनको ज्यादा अनुभव इस लीग का नहीं है। हालांकि, अच्छी बात ये है कि वे रणजी ट्रॉफी के 9 मैचों में 41 विकेट इस सीजन में निकालने में सफल हुए। इससे उनका मनोबल जरूर बढ़ा होगा, लेकिन कार्तिकेय भी ऐसे खिलाड़ी हैं, जिनको सीधे प्लेइंग इलेवन में मौका मिलने के चांस कम है।

# कप्तान रोहित की तारीफ करते नहीं थक रहे आर अश्विन, बोले- धोनी भी ऐसा करते, लेकिन...

भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन कप्तान रोहित शर्मा के कायल हो गए। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने राजकोट से चेन्नई जाने के लिए चार्टर फ्लाइट खोजी। धोनी भी ऐसा करते, लेकिन वह उनसे 10 कदम आगे चलते हैं।



नई दिल्ली.इंडिया और इंग्लैंड के बीच खेली गई टेस्ट सीरीज को रविचंदन इसलिए याद नहीं रखेंगे कि उन्होंने इस सीरीज के दौरान 500 टेस्ट विकेट पूरे किए और आखिरी मैच के दौरान अपना 100वां टेस्ट खेला, बल्कि वे इस सीरीज को रोहित शर्मा के नेक दिल के लिए याद रखना चाहेंगे। अश्विन ने सीरीज के बाद बताया है कि राजकोट टेस्ट उनको क्यों छोड़ना पड़ा और किस तरह कप्तान रोहित शर्मा और बाकी सपोर्ट स्टाफ से उनको मदद मिली। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए भारतीय ऑफ स्पिनर अश्विन ने बताया कि उनके परिवार पर एक संकट आ गया था। इस दौरान कप्तान रोहित ने उनकी मदद की, जिसकी सराहना वे करते हैं। दरअसल, भारत के स्टार खिलाड़ी ने अपनी मां की देखभाल के लिए राजकोट टेस्ट के बीच में ही टीम छोड़ दी थी। अश्विन की मां गृह नगर चेन्नई में सिरदर्द की वजह से बेहोश हो गई थीं और जमीन पर गिर पड़ी थीं। इसके बारे में उनकी पत्नी ने भी बताया था। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड सीरीज महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ी थी। सीरीज 1-1 की बराबरी पर थी। राजकोट टेस्ट की पहली पारी में इंग्लैंड की टीम मजबूत स्थिति में नजर आ रही थी। ऐसे में अश्विन के दिमाग में भी द्वंद चल रहा था कि वे इस स्थिति में अपनी टीम को छोड़ें या नहीं? इस दुविधा का सामना करते हुए अश्विन ने ये बात भारतीय कप्तान से साझा की तो रोहित ने उनको टीम छोड़ने के लिए निर्णय लेने में मदद की।अश्विन ने बताया, मैंने (पत्नी से) पूछा कि वह (मां) कैसी है? क्या वह होश में नहीं थीं। डॉक्टर ने स्पष्ट रूप से मुझे बताया कि वह देखने की स्थिति में नहीं थीं। मैं रोने लगा। मैं एक फ्लाइट खोज रहा था, लेकिन मुझे कोई फ्लाइट नहीं मिली। राजकोट एयरपोर्ट 6 बजे बंद हो जाता है, क्योंकि 6 बजे के बाद वहां से कोई फ्लाइट नहीं होती। मुझे नहीं पता था मुझे क्या करना चाहिए। रोहित (शर्मा) और राहुल (द्रविड़) भाई मेरे कमरे में आए और रोहित ने सचमुच मुझे सोचना बंद करने और चेन्नई चले जाने के लिए कहा। और वह मेरे लिए चार्टर फ्लाइट की व्यवस्था करने की कोशिश कर रहे थे।

लेकिन यह रोहित का जेस्चर था जिसके बाद अश्विन स्तब्ध हो गए। उन्होंने बताया, टीम के फिजियो कमलेश मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। रोहित ने उससे कहा कि वह मेरे साथ चेन्नई जाएं और मेरे साथ रहें, लेकिन मैंने उसे वहीं रुकने के लिए कहा। जब मैं नीचे गया तो सिक्योरिटी और कमलेश पहले से ही वहां इंतजार कर रहे थे। एयरपोर्ट की ओर हमारी यात्रा के दौरान कमलेश को रोहित का फोन आया, उसने मेरा हालचाल लिया और सचमुच इस कठिन समय में मेरे साथ रहने के लिए कहा। रात के साढ़े नौ बजे थे। मैं तो बस स्तब्ध हो गया था। मैं इसके बारे में सोच भी नहीं सकता। वहां केवल दो ही लोग थे, जिनसे मैं बात कर सकता था। अगर वहां कोई नहीं होता तो क्या होता? मैंने बस सोचा, भले ही मैं कप्तान होता, मैं अपने खिलाड़ियों को घर वापस जाने के लिए कहता। इसके बारे में कोई दूसरा विचार नहीं, लेकिन क्या मैं उसकी देखभाल के लिए लोगों को बुलाऊंगा? मुझे नहीं पता। अविश्वसनीय। मैंने उस दिन रोहित शर्मा में एक उत्कृष्ट नेतृत्वकर्ता देखा।

## मार्टिन गप्टिल ने T20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनलिस्ट को लेकर की भविष्यवाणी, लेकिन इन 2 टीमों को लेकर हैं कंफ्यूज

नई दिल्ली.एजेंसी

जून में वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 को लेकर न्यूजीलैंड के पूर्व ओपनर मार्टिन गप्टिल ने भविष्यवाणी की है। गप्टिल ने उन टीमों का नाम बताया है, जो इस साल के मेगा इवेंट के सेमीफाइनल में पहुंच सकती हैं। हालांकि, गप्टिल ने तीन टीमों का नाम बिना किसी झिझक के लिया, लेकिन आखिरी टीम को लेकर वे कंफ्यूज नजर आए। उन्होंने एक नहीं, बल्कि दो टीमों को चौथे स्पॉट के लिए चुना है। टी20 वर्ल्ड कप के पिछले सीजन की चैंपियन टीम को गप्टिल ने टॉप 3 में शामिल नहीं किया है। आईपीएल 2024 के ठीक बाद 20 टीमों के साथ टी20 वर्ल्ड कप शुरू हो जाएगा। 9 शहरों में कुल 55 मैच इस टूर्नामेंट में खेले जाएंगे। 5-5 टीमों के चार ग्रुप बनाए गए हैं, जिनमें सभी टीमों को अपने ग्रुप की बाकी चार टीमों से भिड़ना होगा। इसके बाद सुपर 8 के मुकाबले होंगे और फिर सीधे सेमीफाइनल और फाइनल का आयोजन वेस्टइंडीज में होगा। हैरान करने वाली बात ये



है कि मार्टिन गप्टिल ने किसी भी मेजबान को टॉप 4 में नहीं रखा। यूएसए को छोड़ भी दें तो वेस्टइंडीज अपनी धरती पर काफी मजबूत है और दो बार ये खिताब भी जीत चुकी है।

कीवी दिग्गज गप्टिल ने शुरुआती भविष्यवाणी करते हुए कहा है कि इंडिया, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीम टॉप 4 की मजबूत दावेदार है, लेकिन चौथी टीम को लेकर वे असमंजस की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा है कि इंग्लैंड और पाकिस्तान में से कोई एक टीम टॉप 4 में उन तीनों के साथ हो सकती है। गप्टिल ने इंडिया डॉट कॉम से बात करते हुए कहा, यह चुन पाना कठिन है, लेकिन मैं ऑस्ट्रेलिया, भारत और न्यूजीलैंड को चुनूंगा।

## विराट कोहली के आलोचकों पर बरसे इरफान, कहा- T20 विश्व कप में उनकी जगह पर सवाल उठाने वाले गली क्रिकेट खेलते हैं

नई दिल्ली.एजेंसी

विराट कोहली को लेकर एक रिपोर्ट सामने आई है कि उनको टी20 वर्ल्ड कप 2024 की टीम से बाहर किया जा सकता है। चयनकर्ता और टीम मैनेजमेंट का मानना है कि विराट कोहली का खेल वेस्टइंडीज और यूएसए की पिचों को सूट नहीं करेगा। स्लो विकेट पर वे रन नहीं बनाएंगे। हालांकि, पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान ने विराट कोहली का समर्थन करते हुए कहा है कि जो उनकी आलोचना कर रहे हैं, वे गली क्रिकेट से संबंध रखते हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद विराट कोहली अफगानिस्तान के खिलाफ इस साल के शुरुआत में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने उतरे थे, लेकिन उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। ऐसे में चयनकर्ता उनको टी20 विश्व कप की स्क्वॉड से बाहर कर सकते हैं। हालांकि, उनके पास आईपीएल 2024 में दमदार प्रदर्शन करके चयनकर्ताओं को चुप करने का मौका है। आईपीएल के शुरुआत के कुछ मैचों के प्रदर्शन के आधार पर ही टीम को अंतिम रूप दिया जाना है।



विराट कोहली के ऑन फील्ड प्रतिद्वंद्वी रहे मोहम्मद इरफान का मानना है कि भारतीय स्टार टी20 विश्व कप टीम का एक अनिवार्य सदस्य है। इरफान ने न्यूज 24 को लेकर कहा, आप विराट कोहली के बिना अपनी टीम नहीं बना सकते।उन्होंने कोहली की मैच जीतने की क्षमताओं की सराहना की। 2023 एकदिवसीय विश्व कप में विराट कोहली की महत्वपूर्ण भूमिका पर मोहम्मद इरफान ने बात की, जहां वे टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर थे।

इरफान ने कहा, ःहम सभी ने देखा कि उन्होंने पिछले साल विश्व कप में क्या किया था...विराट कोहली ने अपने दम पर भारत को 3-4 मैच जिताए। इरफान ने आगे स्ट्राइक रेट वर्सेस एक्सपीरियंस पर बात करते हुए कहा, टी20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली की जगह पर सवाल उठाने वाले लोग गली क्रिकेट से नाता रखते हैं। इरफान ने कहा है कि टी20 फॉर्मेट में स्ट्राइक रेट महत्वपूर्ण है, लेकिन विराट कोहली परिस्थितियों के हिसाब से खेलते हैं।

## WPL 2024 से बाहर हुई गुजरात और यूपी की टीम, इन दो टीमों के पास है सीधे फाइनल में पहुंचने का चांस



नई दिल्ली.एजेंसी

वुमेंस प्रीमियर लीग यानी डब्ल्यूपीएल का आखिरी लीग मैच आज यानी बुधवार 13 मार्च को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जाएंट्स के बीच खेला जाएगा। ये मुकाबला दिल्ली के लिए काफी अहम है, क्योंकि गुजरात की टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई। दिल्ली की टीम ने प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाई कर लिया है, लेकिन मेग लैनिंग की कप्तानी वाली टीम की निगाहें सीधे WPL 2024 के फाइनल में प्रवेश करने पर होंगी।

दरअसल, डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीजन के प्लेऑफ की रेस से गुजरात जाएंट्स और यूपी वॉरियर्स बाहर हो गई है। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर यानी आरसीबी ने प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाई कर लिया है। आरसीबी को एलिमिनेटर मैच खेलना है, लेकिन अभी तक यह तय नहीं है कि आरसीबी के सामने कौन सी टीम होगी, क्योंकि अभी भी इस बात का फैसला होना है कि WPL 2024 के फाइनल के लिए कौन सी टीम सीधे क्वॉलिफाई करेगी।

मौजूदा समय में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस टॉप 2 में है, लेकिन टॉप स्पॉट पर रहने वाली टीम को सीधे फाइनल का टिकट मिलना है। दिल्ली की टीम अगर गुजरात के खिलाफ अपना मुकाबला करीबी अंतर से हार भी जाती है तो भी सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी, क्योंकि 10 अंक हासिल कर चुकी दिल्ली की टीम का नेट रन रेट बेहतर है। मुकाबला जीतने पर तो सीधे फाइनल का टिकट मिल ही जाएगा। वहीं, अगर बड़े अंतर से दिल्ली को हार मिलती है तो फिर मुंबई के पास फाइनल में पहुंचने का मौका होगा। हालांकि, ये तभी संभव है, जब करीब 100 रनों से दिल्ली को हार मिली।

# IPL 2024 के तुरंत बाद टी20 वर्ल्ड कप है, ऋषभ पंत ने बताया क्या है एक्शन प्लान

आईपीएल 2024 के में ऋषभ पंत की वापसी होने जा रही है और इस पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मुहर भी लग गई है, लेकिन क्या वह आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भी खेलते हुए दिखेंगे?



नई दिल्ली.एजेंसी

आईपीएल 2024 इस बार दो चरणों में खेला जाएगा। लोकसभा चुनाव 2024 के चलते भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह फैसला लिया है। पहला चरण 22 मार्च से 7 अप्रैल के बीच खेला जाना है, जबकि दूसरे चरण का शेड्यूल अभी सामने नहीं आया है। आईसीसी वर्ल्ड कप 2 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाना है।

आईपीएल के तुरंत बाद ही टी20 वर्ल्ड कप खेला जाना है और ऐसे में ऋषभ पंत के लिए टीम में क्या जगह बनती है, इस पर भी चर्चा होने लगी है। ऋषभ पंत ने खुद कहा है कि ऐसा नहीं है कि वह टी20 वर्ल्ड कप के बारे में नहीं सोच रहे हैं, लेकिन वह इसको लेकर खुद पर ज्यादा दबाव नहीं डालना चाहते हैं।

ऋषभ पंत ने टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए इंटरव्यू में कहा, जब हम 23 मार्च पर पहुंचेंगे, तो हम देखेंगे। मुझे पता नहीं है कि इस पर कैसे रिएक्ट करना है। मुझे नहीं पता कि यह किस तरह की फीलिंग होगी। मैं बस इसका लुत्फ उठाना चाहता हूं। मैं इसको लेकर बहुत ज्यादा स्ट्रेस नहीं लेना चाहता हूं। मैं खुद से बहुत आगे निकलने की नहीं सोच रहा हूं, लेकिन हां मैं संभावनाओं के बारे में सोच रहा हूं, जिसमें पॉजिटिव और नेगेटिव दोनों तरह की संभावनाएं हैं। मैं उसको फिल्टर करना चाहता हूं और पॉजिटिव माइंडसेट से काम करना चाहता हूं। मुझे अपने फैन्स से प्यार है और उन्होंने जिस तरह से मेरे लिए फिक्र दिखाई है, मैं उससे मना नहीं कर सकता हूं।

मुझे ऐसा महसूस हुआ कि मैं उन सबके परिवार का हिस्सा हूं। जब मैं ट्रैवल करता था, एयरपोर्ट पर लोगों ने मुझे बहुत सहज महसूस करवाया। एयरपोर्ट पर जो दीदी काम करती थीं, उन्होंने मुझसे पूछा- बेटा आप ठीक हो ना? जब मुझे इतना प्यार मिला, तो इसको लेकर अपनी फीलिंग मैं बयां नहीं कर सकता हूं।ऋषभ पंत का साल 2022 के अंत में एक्सिडेंट हो गया था। जिसके बाद से वह क्रिकेट के मैदान से काफी समय दूर रहे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अब क्रिकेट के मैदान पर वापसी के लिए पंत को फिट घोषित कर दिया है और वह आईपीएल 2024 के साथ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। दिल्ली कैपिटल्स को अपना पहला मैच 23 मार्च को खेलना है।

# रुमाली रोटी पलटाने में जल जाते थे हाथ, मोहम्मद सिराज से मियां मैजिक तक का सफर रहा है कितना मुश्किल

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज 30 साल के हो गए है। सिराज ने 2020 मे सोच लिया था कि अगर वह इस साल क्रिकेट में कुछ बड़ा नहीं कर पाए, तो क्रिकेट छोड़ देंगे, लेकिन फिर उनकी किस्मत पलट गई।



नई दिल्ली.मोहम्मद सिराज अपना 30वां जन्मदिन आज यानी कि 13 मार्च को सेलिब्रेट कर रहे हैं। सिराज का जन्म 13 मार्च 1994 को हैदराबाद में हुआ था और उन्हें अपने शहर से बहुत ज्यादा लगाव भी है। सिराज ने अभी तक भारत की ओर से 27 टेस्ट, 41 वनडे और 10 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। सिराज ने तीनों फॉर्मेट में क्रम से 74, 68 और 12 विकेट चटकाए हैं। बीसीसीआई टीवी पर सिराज का एक वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें उन्होंने अपने स्ट्रगल के बारे में और अपने शहर हैदराबाद के बारे में बात की है।मोहम्मद सिराज ने इस वीडियो की शुरुआत में कहा,मैं 2020 में सोचा था कि खुद को ये आखिरी साल दे रहा हूं और इसके बाद क्रिकेट ही छोड़ दूंगा। तो अभी हम निकले हैं हैदराबाद के शहर में, मेरी पसंदीदा चाय की दुकान, ले चलता हूं, जितना भी मेरा लाइफ में स्ट्रेस है, वहां जाकर खत्म हो जाता है। अगर मैंने स्ट्रगल नहीं देखा होता तो मुझे सक्सेस की वैल्यू पता नहीं होती।सिराज ने आगे कहा, तो चलते हैं, जहां मैं चाय पीता था, जहां मैं समय बिताता था, जहां मैं फ्रेंड्स के साथ क्रिकेट खेलता था... जब मैं छोटा था, तो ये पूरा पहाड़ी इलाका था। ये सब कुछ नहीं था, बस पहाड़ थे यहां पर। जैसे ही मैं हैदराबाद लैंड करता हूं मेरे दिमाग में यही होता है कि मैं पहले घर जाऊंगा फिर ईदगाह जाऊंगा। मैं दुनिया में कहीं भी जाऊं, मुझको इतना सुकून नहीं मिलता। लेकिन यहां जब आता हूं तो मुझे इतना सुकून मिलता है, ना जिसकी कोई हद नहीं। हैदराबाद आता हूं तो मैं यहां आता ही हूं।सिराज ने इस दौरान कहा, जहां मैं खेलकर बड़ा हुआ, वहां भी जाता ही हूं। मुझे गाड़ी में बैठकर सैड सॉन्ग सुनना पसंद है। जब मैं 18 साल का था, तो मैं कैटरिंग सेक्टर में जॉब के लिए जाता था। घर वाले कहते थे कि पढ़ बेटा पढ़, लेकिन मुझे क्रिकेट खेलना बहुत अच्छा लगता था। हम लोग रेन्ट पर रहते थे, डैड अकेले थे, कमाने वाले। रेंट का देखना होता था, 100-200 मिल जाते थे, तो खुश हो जाते थे, घर में 150 रुपये दिए, तो भी 50 रुपये अपने लिए बच जाते थे। बहुत सेंसटिव टॉपिक है ये।

मेरे हाथ जल जाते थे, रुमाली रोटी जो आती थी, उसको पलटाना पड़ता था। तो पलटाने के चक्कर में हाथ जल जाता था। ऐसे ही बड़े नहीं हुए हैं, भाई स्ट्रगल करके बड़े हुए हैं। पहले अपने पास एक डैड का ऑटो था और एक प्लैटिना मोटरसाइकिल भी। वो भी धक्का देकर स्टार्ट करना पड़ता था।सिराज के दोस्तों ने बताया कि उनमें इंडियन क्रिकेटर बनने के बाद कोई बदलाव नहीं हुआ है। सिराज ने 2020 के बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा। सिराज ने अंत में कहा कि जब आप मेहनत करते हो, तो आपको फल जरूर मिलता है, एक साल बाद मिले, दो साल बाद मिले या फिर तीन साल बाद मिले, फल जरूर मिलता है।

